प्रेस नोट थाना अल्हागंज

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक-23.02.2026

थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धोखाधड़ी संबंधी अभियोग का 24 घंटे में सफल अनावरण करते हुए, धोखाधडी की 02 लाख रु0 नगद राशि एवं आभूषण सहित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद महोदय निकट पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी अल्हागंज के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अल्हागंज पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण

दिनांक 22.02.2026 को वादिनी श्रीमती गुड्डी देवी पत्नी रामसेवक नि0मो0 बगिया 2 थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना अल्हागंज पर दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 36/2026 धारा 318(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। थाना अल्हांगज पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए, दिनांक 23.02.2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त करन कुशवाह पुत्र बुधपाल उम्र करीब 25 वर्ष को नि0ग्रा0 गनपतपुर, थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर, हाल पता नि0ग्रा0 मरेना थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर समय 21.20 बजे थाना जलालाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त से पूछताछ एवं अभियुक्त की निशानदेही पर उसके किराये के कमरे से वादिया से धोखाधड़ी कर प्राप्त माल की बरामदगी की कार्यवाही नियमानुसार स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में की गयी। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 317(2) की वृद्धि कर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -

करन कुशवाह पुत्र बुधपाल उम्र करीब 25 वर्ष नि0ग्रा0 गनपतपुर थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर, हाल नि0ग्रा0 मरेना थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

- मु0अ0सं0 – 36/2026 धारा 318(4),317(2) बीएनएस थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरण:

1. नगद ₹2,00,000-/
2. दो अदद मोबाइल फोन,
3. एक जोड़ी झुमका (पीली धातु),
4. एक जोड़ी झाले (पीली धातु),
5. एक जोड़ी टाप्स (पीली धातु),
6. एक अदद माथे का बैंदा (पीली धातु),
7. दो जोड़ी पायल (सफेद धातु)।

अभियुक्त के अपराधिक इतिहास का विवरण-

1. मु0अ0सं0 – 36/2026 धारा 318(4),317(2) बीएनएस थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर
2. मु0अ0सं0 – 120/2024 धारा 352/406/420/504/506 भादवि थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. मु0अ0सं0 – 541/2024 धारा 406/504/506 भादवि थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

ओमप्रकाश थानाध्यक्ष
उ0नि0 अजय कुमार
हे0का0 अविनाश सिंह
हे0का0 विजय कुमार
म0का0 नेहा यादव